सरकारी अधिकारी बनकर 2 किलो सोने की सनसनीखेज ठगी

❐ बरेली से तीन शातिर गिरफ्तार, दो फरार❐ 612.74 ग्राम सोना बरामद
❐ भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन यात्री के कर्मचारी को बनाया निशाना

गयाजी। सरकारी अधिकारीका रौब, कार्रवाईका डर और फिर करोड़ों के सोने पर हाथ साफ। बिहार में ठगी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों के नए-नए हथकंडों पर सवाल खड़ेकर दिए हैं। शातिर ठगों ने खुद को सरकारी पदाधिकारी बताकर ट्रेनसे सफर कर रहे एक यात्री के कर्मचारीको अपने जाल में फंसाया और करीब दो किलोग्राम सोना ठग लिया। आरोपियोंने इस तरह सरकारी अधिकारी होने का दबाव बनाया कि कर्मचारी डर गया और उनके झांसेमें आकर सोना उनके हवाले कर दिया। हालांकि, इस मामले में रेल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के बरेली से तीन आरोपियों को गिरऊतार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पाससे ठगी किए गए सोने में से 612 ग्राम सोना बरामद किया गया है। इसका खुलासा गया रेलवे जंक्शन पर रविवार को रेल डीएसपी गुलशन कुमार ने प्रेस वार्ता कर की है। इस कार्रवाईके बाद रेल पुलिस अब ठगी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती शेष सोने की बरामदगी और इस वारदात में शामिल अन्यअपराधियों तक पहुंचना है।

कोलकाता से लौट रहे कर्मचारी को बनाया शिकार

पूरा मामला रेल थाना भभुआ रोड क्षेत्र का है। उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी संजय कुमार खंडेलवालके कर्मचारी संजीव चौहान, उम्र 24 वर्ष कोलकाता से ट्रेनके माध्यम से भभुआ रोड लौट रहे थे। इसी दौरान 22 अक्टूबर को भभुआ रोडमें कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें अपना निशाना बना लिया. बताया जाता है कि आरोपियोंने कर्मचारी के सामने खुद को सरकारी पदाधिकारी के रूप में पेश किया। इसके बाद सरकारी अधिकारी होनेका रौब दिखाते हुए उसपर दबाव बनाना शुरू कर दिया। अचानक खुद को



सरकारी अधिकारी बताने वाले लोगों को सामने देखकर कर्मचारी घबरा गया। ठगोंने इसी डर और मनोवैज्ञानिक दबाव का फायदा उठाया। कर्मचारी उनकी असली पहचान समझ नहीं पाया और उनके झांसे में आकर अपने पास मौजूद करीब दो किलोग्राम सोना उनके हवाले कर दिया। आरोपी सोना लेकर वहां से निकल गए। बाद में जब पीड़ित पक्ष को पूरी घटनाकी जानकारी मिली तो ठगी का मामला सामने आया।

घटनाके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से 24 अक्टूबर को रेल थाना भभुआ रोड में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायतमें करीब दो किलोग्राम सोने की ठगी किए जानेकी जानकारी दी गई। इतनी बड़ी मात्रामें सोने की ठगी का मामला सामने आने के बाद रेल पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेल पुलिस अधीक्षक, पटना ने तत्काल विशेष अनुसंधान दलका गठन किया। इसके बाद अपराधियोंकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच तेज कर दी गई। मामले के उद्भेदनके लिए जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से अनुसंधान शुरू किया। लगातार जांच और छापेमारी के दौरान पुलिस को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जांच आगे बढ़ने पर आरोपियोंकी पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी के रूप में हुई। इसके बाद रेल पुलिस ने बरेली पुलिस से संपर्क स्थापित किया और स्थानीय पुलिसके सहयोग से आरोपियों की गिरफ्तारीके लिए छापेमारी की। संयुक्त प्रयास के बाद पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

612.74 ग्राम सोना बरामद, बाकी सोने की तलाश

गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी किए गए सोने में से 612.74 ग्राम सोना बरामद किया गया है। करीब दो किलोग्राम सोनेकी ठगी के मामले में यह बरामदगी पुलिसके लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। हालांकि, बरामद सोने की मात्रा और शिकायतमें बताई गई कुल मात्रा के बीच काफी अंतर है। ऐसे में अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शेष सोना कहां रखा गया



है और क्या उसे किसी अन्य व्यक्ति के पास छिपाकर रखा गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पूरे गिरोह की कार्यप्रणाली और नेटवर्क का पता लगानेमें जुटी है। जांच का एक अहम पहलू यह भी है कि आरोपियों ने सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने का तरीका कहां से सीखा और क्या इससे पहले भी इस तरह की वारदातोंको अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी और 612.74 ग्राम सोने की बरामदगी से रेल पुलिसको इस मामलेमें अहम कामयाबी मिली है। अब सबकी नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

चीवर समर्पित कर श्रद्धालुओंने भिक्षुओं का लिया आशीर्वाद

देश-विदेश के भिक्षु और श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा

बोधगया (आससे)। विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर प्रांगण स्थित पवित्र बोधि वृक्ष के छांवमें रविवार को महाकठिन चीवरदान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें थाईलैंड, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, म्यांमार, वियतनाम, भारत सहित अन्य देशोंके भिक्षु और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं द्वारा भिक्षुओं के प्रति आदर एवं समर्पणकी भावना से पवित्र चीवर की पूजा कर दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ समर्पित किया और उनसे सुख, शांति, समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं द्वारा चीवर रखे जानेके बाद भिक्षुओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा थेराबाद एवं महायान परंपरा के अनुसार सूक्त पाठ कर विश्व शांति की कामनाकी गई। इस अवसर पर महाबोधि मंदिरके केयरटेकर भिक्षु डा. दिनानंद भंते ने महाकठिन चीवरदानके धार्मिक और आध्यात्मिक महत्वपर विस्तार से प्रकाश डाला। कालचक्र मैदानमें सभी भिक्षुओं एवं श्रद्धालुओंको संघदान कराया गया। थाईलैंड की ओर से आयोजित इस समारोहमें कई देशों के बौद्ध भिक्षु, श्रद्धालु और गणमान्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्धके समय से ही कठिन चीवरदान की परंपरा चली आ रही है। बौद्ध धर्म में तीन महीने का वर्षावास अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान भिक्षु एक ही स्थानपर रहकर साधना, तपस्या और धार्मिक नियमोंका पालन करते हैं। वर्षावास की समाप्ति के बाद श्रद्धालु बौद्ध भिक्षुओंको चीवर यानी वस्त्र और अन्य आवश्यक सामग्री दान करते हैं। इसी धार्मिक परंपराको कठिन चीवरदान कहा जाता है। भिक्षु डा. दिनानंद भंतेने बताया कि कठिन चीवरदान केवल वस्त्र दान करने की परंपरा नहीं है, बल्कि यह त्याग, समर्पण, श्रद्धा और सेवा भावना का प्रतीक है। इसके माध्यम से श्रद्धालु बौद्ध संघ के प्रति अपनी आस्था और सम्मान प्रकट करते हैं। समारोहमें एडीएम सह बीटीएमसी



प्रभारी पारितोष कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। पूरे आयोजनके दौरान महाबोधि मंदिर परिसर में बौद्ध धर्मकी परंपराओं, आध्यात्मिक आस्था और विश्व शांतिके संदेश की गूंज सुनाई देती रही। बोधगयाकी पवित्र धरती पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय धार्मिक समारोहने एक बार फिर दुनियाको शांति, करुणा, मैत्री और मानव कल्याण का संदेश दिया।

निजी क्लीनिक की लापरवाही से प्रसूता की मौत, क्लीनिक सील

इमामगंज (संसू)। रानीगंज हाट बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक के डाक्टर के द्वारा गर्भवती महिलाके प्रसव करानेके लिए आपरेशन किया गया जिस दौरान उसकी मौत हो गई। इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर ने उक्त क्लिनिक पर पहुंचकर क्लिनिक को सील किया। वहीं महिला का पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के भगहर गांवके रहनेवाले जुगेश प्रसादकी पत्नी 28 वर्षीय अन्नू कुमारी सरकारी एएनएम के रूप में हुआ। जुगेश प्रसाद ने बताया कि पत्नी की डिलीवरी होना था उसी वास्ते क्लिनिक में इलाजके लिए भर्ती कराया गया था। जब डाक्टर ने पत्नी का परसों आपरेशन किया तो पत्नीकी तबीयत बिगड़ने लगी, इसके बाद डाक्टर ने कहा कि आपके मरीजको गया जी रेफर कर दिया गया है। डाक्टर की बात सुनते ही पत्नीको लेकर गया जी हास्पिटल में पहुंचे तो डाक्टर ने मेरी पत्नी की मृत घोषित कर दिया। मेरी पत्नी मधुबनी जिलामें सरकारी अस्पताल में एएनएम के पदपर कार्यरत थी। इस संबंध में इमामगंज चिकित्सा पदाधिकारी रजनीश कुमारने बताया कि अन्नू कुमारीके मौत की सूचना के बाद निजी क्लिनिकको सील करने की बात कही। वहीं इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमारने बताया कि अन्नू कुमारी के मौत हो जाने पर शव को कब्जे में ले लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया गया है।

अज्ञात महिला का शव बरामद

रफीगंज (आससे)। रफीगंज-शिवगंज पथके खैरी मुंडला गांवके समीप रविवारकी सुबह सड़क किनारे एक अज्ञात महिलाका शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी गयी है। स्थानीय लोगोंकी सूचना पर थानासे एसआई विनोद कुमार, एसआई बबनजीत कुमार तथा अन्य पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। जानकारी के अनुसार, गांव के पश्चिम दिशा में सड़क किनारे गणेश यादव के घर के सामने महिला का शव पड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मृत महिला की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। महिला ने नीले रंग की स्वेटर, लाल और स्केद छींटदार कुतह्न तथा आसमानी रंगकी लेगिज पहन रखी थी। प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में मौत होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी ह।

महाबोधि मंदिर में जापानी बौद्ध अनुयायियों ने की विशेष पूजा-अर्चना

बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचानेका लिया संकल्प

बोधगया। विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर में रविवार को जापान से आए बौद्ध अनुयायियोंके प्रतिनिधिमंडल ने विशेष



पूजा-अर्चना कर भगवान बुद्ध के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट की। इस दौरान पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे सामूहिक प्रार्थनाकी गई तथा विश्व शांति, मानवता, करुणा और मैत्री का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह सात बजे सुजाता क्षेत्र से हुई। इसके बाद जापानी बौद्ध प्रतिनिधिमंडल बीटीएमसी कार्यालय पहुंचा, जहां भंते दीनानंद ने सभी सदस्यों का खादा पहनाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल महाबोधि मंदिर पहुंचा और विधिवत पूजा-अर्चना की। जापानी भाषाके जानकार राहुल कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस धार्मिक यात्र का उद्देश्य भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को समझना और उनके शांति एवं करुणा के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है।

इस अवसर पर जापानी बौद्ध अनुयायी चेन मास्टर केन ने कहा कि बोधगया वह पावन धरती है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। यहां आकर उन्हें गहरी आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं आज भी पूरी दुनिया को शांति, प्रेम और सद्भाव का मार्ग दिखा रही हैं। कार्यक्रमके दौरान जापानी बौद्ध गुरु की अंग्रेजी पुस्तक 'बुद्धिस्ट आन द बाइबल' की प्रतियां स्थानीय लोगों के बीच वितरित की गईं। प्रतिनिधिमंडलके सदस्यों ने बुद्ध के विचारों और उपदेशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के साथ-साथ भारत और जापान के बीच सदियों पुराने आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

बोधगया प्रवासके बाद प्रतिनिधिमंडलके नालंदा सहित अन्य प्रमुख बौद्ध स्थलोंका भ्रमण करने का भी कार्यक्रम है। इस यात्राको भारत-जापान के बीच बौद्ध धर्म और आध्यात्मिक संस्कृति के आदान-प्रदान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

शिक्षक के दिया संस्कार और शिक्षा हमेशा समाज का मार्गदर्शन करता है : पूर्व एमएलसी

प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उ.वि के प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई

फतेहपुर (आससे)। फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (माडल स्कूल) प्लस टू प्रोजेक्ट



कन्या उच्च विद्यालय में अपनी सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठासे शिक्षा की अलख जगाने वाले प्रधानाध्यापक उमेश कुमार के सेवानिवृत्त होनेपर शनिवारको विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में माहौल भावुक हो गया।

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह ने कहा कि प्रधानाध्यापक उमेश कुमार का सेवानिवृत्त होना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन शिक्षाके क्षेत्र में उनके योगदानको कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने कार्यकालमें विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ उनमें अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों का भी विकास किया है। एक शिक्षक की असली पहचान उसके पद से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की सफलता और समाज में उसके योगदान से होती है। उनके अनुभव, समर्पण और कार्यशैली से आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, पूर्व जिला पार्षद नागेंद्र यादव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद पाण्डेय, शिक्षक संघके जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्ति सरकारी सेवा का एक पड़ाव है, लेकिन व्यक्ति के अच्छे कार्य, व्यवहार और संस्कार कभी सेवानिवृत्त नहीं होते।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक पवन पांडेय और संचालन चितरंजन कुमार ने किया। मौके पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पार्टी नेता, शिक्षक संघ के जिला, अनुमण्डल व प्रखंड स्तरके नेता, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका और छात्राएं मौजूद रहीं।

नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर जानलेवा हमला, एक आरोपित गिरफ्तार

गयाजी। मगध मेडिकल थाना क्षेत्र मेंनाबालिग बच्चीके साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसके परिवारके साथ मारपीट करने के मामले में पुलिसने एक आरोपितको गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर पीड़िताके परिजन ने 25 जुलाई 2026 को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदनमें आरोप लगाया गया था कि स्कूल जानेके दौरान उनकी नाबालिग पुत्रीके साथ अजीत कुमार गलत हरकत करनेका प्रयास करता था। इसका विरोध करनेपर अजीत कुमार ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर परिवार के सदस्यों को गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला किया और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में मगध मेडिकल थाना कांड संख्या 240/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले के एक आरोपित अजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। इससे पहले दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासतमें भेजा जा चुका है। अन्य आरोपितोंकी गिरफ्तारीके लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने बताया कि मामले में त्वरित अनुसंधान कर आरोप पत्रसमर्पित किया जाएगा, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

एससी-एसटी कांड में आरोपी गिरफ्तार

गयाजी। जिलेके चंदौती थाना क्षेत्रमें एससी-एसटी अधिनियम के तहत दर्ज मारपीट के एक मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान संदीप कुमार ऊर्फ बीरू, पिता राजू प्रजापति, ग्राम कोरमा, थाना चंदौती, जिला गया के रूप में हुई है। मामले के संबंधमें मिली जानकारीके अनुसार, बीते 3 मई 2026 को पीड़ित की ओरसे पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि रातके समय जब परिवारके लोग घर में सो रहे थे, तभी अचानक शोरगुल सुनकर बाहर निकले तो देखा कि गांवके ही संदीप कुमार ऊर्फ बीरू अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर उनके बेटे के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज कर रहा था।

सनातन संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने के लिए आगे आये हिंदू समाज : क्षितिज मोहन

❐ 65 पूजा समितियों के आयोजकों को मिला धर्म रक्षक सम्मान❐ केदारनाथ मार्केट पूजा पंडाल को मिला अव्वल स्थान

गयाजी। स्थानीय रेड क्रास भवनमें श्री दुर्गा पूजा केंद्रीय समिति के बैनर तले आयोजित एक गरिमामयी समारोह में शहरके 65 पूजा पंडालोंके आयोजकों और सदस्योंको धर्म रक्षक सम्मानसे सम्मानित किया गया। यह सम्मान गया शहरमें दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, अनुशासनबद्ध और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सदर एसडीओ अनिल कुमार रमन, समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया, सेंट्रल बिहार चैबर आफ् कामर्स के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भदानी, वरिष्ठ समाजसेवी उदय कुमार वर्मा, श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समितिके सदस्य मणिलाल बारीक, वरिष्ठ साहित्यकार डा. सच्चिदानंद प्रेमी, डा पीके वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप



से दीप प्रज्वलित कर किया। मंचका संचालन समिति के संयोजक साकेत झा ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसडीओ अनिल कुमार रमन ने कहा कि प्रशासनिक मुस्तैदी अपनी जगह है, लेकिन किसी भी बड़े आयोजन की सफलतामें आयोजकों और स्थानीय नागरिकों की भूमिका सर्वोपरि होती है। उन्होंने शांतिपूर्ण आयोजनके लिए सभी समितियोंकी सराहना करते हुए भविष्य में प्रशासनकी ओर से हरसंभव सहयोगका भरोसा दिलाया।

श्री रामनवमी पूजा सेंट्रल कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने अपने संबोधन में सनातन परंपरा और संस्कृति को जीवंत रखने के लिए हिंदू समाज को आगे आनेकी पुरजोर जरूरत बताई।

इस अवसर पर सेंट्रल बिहार चैबर आफ् कामर्सके अध्यक्ष प्रमोद कुमार भदानीने आयोजनोंके आर्थिक पक्षकी मजबूतीपर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि भव्य आयोजनोंकी सफलताके लिए धन संग्रह और वित्तीय प्रबंधन में शहरवासियों को खुलकर सहयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों द्वारा 5 लाइसेंसी मूर्ति समेत सभी 65 पूजा समितियों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और मेडल भेंटकर सम्मानित किया गया। केदारनाथ मार्केट पूजा पंडालको साज सज्जा एवं आकर्षक पंडाल बनानेके लिए टाप टेन में अव्वल स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक और विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

MAHARAJA LOTTERY
01.11.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	52
09.00	M-Two	31
09.30	M-Three	38
10.00	M-Four	18
10.30	M-Six	70
11.00	M-Eight	69
11.30	M-Nine	07
12.00	M-Ten	40
12.30	M-Eleven	50
01.00	M-Tweleve	07
01.30	M-Fourteen	87
02.00	M-Fifteen	43
02.30	M-Seventeen	46
03.00	M-Eighteen	12
03.30	M-Nineteen	29
04.00	M-Twenty	15
04.30	M-Twenty-one	07
05.00	Mahajara Twenty	28
05.30	Mahajara Twenty one	40
06.00	Mahajara Twenty	76

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :01.11.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	56
09:00	RAJARANI SUBEHA	53
09:30	RAJARANI KIRAN	13
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	77
10:30	RAJARANI PRABHAT	16
11:00	RAJARANI LAJBAB	54
11:30	RAJARANI SAMRAT	17
12:00	RAJARANI DELUX	95
12:30	RAJARANI AFTERNOON	98
01:00	RAJARANI KINGS	31
01:30	RAJARANI ROYAL	58
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	50
02:30	RAJARANI HUNDRED	09
03:00	RAJARANI DIAMOND	89
03:30	RAJARANI SONA	65
04:00	RAJARANI EXPRESS	73
04:30	RAJARANI SPECIAL	19
05:00	RAJARANI SANDHYA	14
05:30	RAJARANI CHANDANI	95
06:00	RAJARANI SHAM	71

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 01.11.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.30 p.m.	76
09.30 a.m.	57	03.00 p.m.	58
10.00 a.m.	14	03.30 p.m.	94
10.30 a.m.	77	04.00 p.m	22
11.00 a.m.	56	04.30 p.m.	06
11.30 a.m.	47	05.00 p.m.	97
12.00 noon	63	05.30 p.m.	32
12.30 a.m.	65	06.00 p.m.	67
01.00 p.m.	43	06.30 p.m.	49
01.30 p.m.	48	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	16	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	36	02.30 p.m.	28
09.30 a.m.	54	03.00 p.m.	03
10.00 a.m.	01	03.30 p.m.	10
10.30 a.m.	82	04.00 p.m.	31
11.00 a.m.	07	04.30 p.m.	90
11.30 a.m.	06	05.00 p.m.	70
12.00 noon	87	05.30 p.m.	73
12.30 a.m.	55	06.00 p.m.	96
01.00 p.m.	92	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	63	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	24	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	32	02.30 p.m.	34
09.30 a.m.	06	03.00 p.m.	08
10.00 a.m.	50	03.30 p.m.	04
10.30 a.m.	26	04.00 p.m.	75
11.00 a.m.	97	04.30 p.m.	51
11.30 a.m.	94	05.00 p.m.	81
12.00 noon	14	05.30 p.m.	63
12.30 a.m.	70	06.00 p.m.	05
01.00 p.m.	34	06.30 p.m.	06
01.30 p.m.	10	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	77	Contact for result :	

011-4045 1993, 011-4045 1994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	89	MILLENNIUM	2.00 p.m.	58
SUBEHA	9.00 a.m.	31	100	2.30 p.m.	00
KIRAN	9.30 a.m.	69	DIAMOND	3.00 p.m.	18
HINDUSTANI	10.00 a.m.	16	SONA	3.30 p.m.	15
PRABHAT	10.30 a.m.	12	EXPRESS	4.00 p.m.	05
LAJBAB	11.00 a.m.	37	SPECIAL	4.30 p.m.	36
SAMRAT	11.30 a.m.	51	SANDHYA	5.00 p.m.	06
DELUX	12.00 noon	21	CHANDANI	5.30 p.m.	18
AFTERNOON	12.30 a.m.	64	SHAM	6.00 p.m.	95
KING	1.00 p.m.	41	EVENING	6.30 p.m.	83
ROYAL	1.30 p.m.	72	Check result with official website/Gpt		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 01.11.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	41	02.00 p.m.	15
09.30 a.m.	95	02.30 p.m.	70
10.00 a.m.	24	03.00 p.m.	93
10.30 a.m.	07	03.30 p.m.	80
11.00 a.m.	92	04.00 p.m.	34
11.30 a.m.	30	04.30 p.m.	09
12.00 noon	94	05.00 p.m.	45
12.30 p.m.	50	05.30 p.m.	78
01.00 p.m.	98	06.00 p.m.	67
01.30 p.m.	13	06.30 p.m.	40

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA



फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें

तारीख - 01-11-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6078	7052	01:45	6088	7025
09:15	6087	7040	02:00	6039	7096
09:30	6042	7028	02:15	6039	7084
09:45	6029	7030	02:30	6073	7037
10:00	6016	7024	02:45	6051	7061
10:15	6006	7029	03:00	6049	7081
10:30	6046	7071	03:15	6035	7009
10:45	6034	7091	03:30	6085	7068
11:00	6028	7041	03:45	6060	7070
11:15	6031	7022	04:00	6039	7084
11:30	6008	7070	04:15	6089	7071
11:45	6000	7083	04:30	6076	7007
12:00	6012	7062	04:45	6008	7093
12:15	6004	7093	05:00	6072	7090
12:30	6039	7086	05:15	6035	7000
12:45	6000	7012	05:30	6026	7015
01:00	6053	7012	05:45	6070	7009
01:15	6071	7001	06:00	6028	7007
01:30	6027	7064			

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते हैं।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

01.11.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	94	42	65	07
09:00	58	73	60	11
09:30	86	65	47	14
10:00	95	99	00	77
10:30	60	63	97	39
11:00	60	24	19	78
11:30	21	52	24	24
12:00	66	25	42	65
12:30	26	44	02	37
01:00	37	52	31	12
01:30	81	32	69	94
02:00	58	32	85	04
02:30	31	75	72	87
03:00	18	27	54	14
03:30	59	03	81	37
04:00	17	68	60	77
04:30	65	87	50	19
05:00	74	58	97	46
05:30	93	85	21	77
06:00	76	01	29	15
06:30	27	49	51	40

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com